शा. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान माडल महाविद्यालय, जबलपुर

कार्यक्रम :— "एक भारत श्रेष्ठ भारत"

गतिविधि :— प्रस्तुति "मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा"

"Attire of Manipur & Nagaland"

## प्रतिवेदन

महाविद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग में दिनांक 11 फरवरी 2020 को अपरान्ह 1:00 बजे "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उपरोक्त राज्य की वेशभूषा के पहनने के विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि भारत के मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा शैली एवं उनके अलंकरण से भी सभी को परिचित किया जा सके इस हेतु एम.एस-सी वस्त्र एवं तंतु विज्ञान की छात्राओं ने मणिपुर की वेशभूषा एवं डिप्लोमा व स्नातक की छात्राओं ने नागालैंड की वेशभूषा को धारण किया साथ ही ज्वेलरी को भी पहना। इस प्रस्तुति से वहाँ की संस्कृति, वस्त्र की विशिष्टता आदि को प्रदर्शित किया गया। इस वस्त्र के प्रकार, शैली को स्पष्ट रूप से समझाने के लिये एम.एस-सी फाइनल की छात्रा कु. आयुषी लखोटिया द्वारा पावर पाइंट प्रस्तुति दी गई जिसमें वहाँ के वस्त्रों के प्रकार उनकी विशेषताओं को चित्र के माध्यम से भी समझाया वेशभूषा धारण करने वाली छात्रायें अंजली पटेल, अमिता सोनी, रोशनी कुशवाहा, मधु गुप्ता, चंदा कोरी, मनीषा कुशवाहा, प्रज्ञा दुबे, सोनाली लोधी रही। इस कार्यक्रम को सभी के द्वारा सराहा गया।

यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख डा. (श्रीमती) लीला भलावी के मार्गदर्शन में, डा. किरण सिंह एवं क्लब के सदस्यों तथा डा. भावना शर्मा (विभागाध्यक्ष, वस्त्र एवं तंतु विज्ञान) के निर्देशन में विभाग के सभी सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ।

BSharma
11.2.2020


शास. मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान
महिला महाविद्यालय, जबलपुर
Attire of Manipur and Nagaland
Dated 11 february 2020
Govt. M H College, Jabalpur

# नागालैंड-मणिपुर की ट्रेडिशनल ड्रेसेस से दिया यूनिटी का मैसेज

**होम साइंस कॉलेज के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग में एक भारत श्रेष्ठ भारत अंतर्गत कार्यक्रम**



### क्या रहा खास

- » स्टूडेंट्स ने स्वयं तैयार किए परिधान
- » परिधानों के साथ एसेसरीज भी कैरी कीं
- » प्रजेन्टेशन में चित्रों के माध्यम से बताया संस्कृति का महत्व
- » रंग-बिरंगे परिधानों में किया कैटवॉक

### यह रहे विजेता

फर्स्ट - आयुषी लखोटिया, परिधानों का प्रजेन्टेशन

सेकेंड - अंजली पटेल, नागालैंड ड्रेस

थर्ड - प्रज्ञा दुबे, मणिपुर, ड्रेसअप

**सिटी रिपोर्टर, जबलपुर।** धारियों की प्रिंट वाले लॉन्ग स्कर्ट, धारियों के रंग से मैच करता हुआ टॉप और कमर में बेल्ट की तरह कपड़े का मोटा पट्टा ... कुछ ऐसे ही परिधान कैरी कर छात्राओं ने नागालैंड के ड्रेसअप की खूबसूरती दिखाई, तो वहीं दूसरी ओर डिफरेंट डिजाइन और पैटर्न में तैयार ड्रेसेस में मणिपुर की संस्कृति की झलक नजर आई। यह नजारा था शासकीय होमसाइंस कॉलेज के फैशन एंड टेक्सटाइल डिपार्टमेंट में एक भारत श्रेष्ठ भारत अंतर्गत कार्यक्रम का। जिसमें छात्राओं ने मणिपुर और नागालैंड के पारंपरिक परिधानों को प्रदर्शित किया और एकता का संदेश दिया। देश के नागालैंड और मणिपुर की वेशभूषा शैली और उनके अलंकरण से सभी को परिचित कराने के उद्देश्य से डिपार्टमेंट की गर्ल्स ने कॉस्ट्यूम्स डिजाइन किए। वेशभूषा के जरिए नागालैंड और मणिपुर की संस्कृति को प्रदर्शित किया। जहाँ एक ओर परिधानों की खासियत बताई तो वहीं एसेसरीज पहनकर कंपलीट लुक भी कैरी किया।

## खुद डिजाइन कीं ड्रेसेस

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए डिपार्टमेंट की चार छात्राओं ने नागालैंड और चार छात्राओं ने मणिपुर की पारंपरिक ड्रेसेस तैयार कीं। डिपार्टमेंट की स्टूडेंट अंजली पटेल, अमिता सोनी, रोशनी कुशवाहा, मधु गुप्ता, चंदा कोरी, मनीषा कुशवाहा, प्रज्ञा दुबे व सोनाली लोधी ने कैटवॉक कर अपने द्वारा बनाई गई ड्रेसेस की विशेषता बताई। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों को कुछ अलग अंदाज में प्रजेन्ट करने के लिए डिफरेंट पैटर्न में कैरी किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. श्रीमती लीला भलावी का मार्गदर्शन रहा। डॉ. किरण सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा का निर्देशन एवं डिपार्टमेंट की शिक्षिकाओं और छात्राओं का सहयोग रहा। पी-3

## प्रजेन्टेशन में बताई परिधानों की खासियत

वस्त्रों के प्रकार और शैली को स्पष्ट करने के लिए एमएससी फाइनल की छात्रा आयुषी लखोटिया ने पावर प्वॉइंट प्रजेन्टेशन दिया। जिसमें बताया कि मणिपुर की महिलाएँ एक विशेष प्रकार की ड्रेस पहनती हैं, जिसे इंनाफी कहते हैं। यह एक शॉल की तरह होता है। जिसमें चारों तरफ आकर्षक रंग की बॉर्डर और डिजाइन होती है। इसके अलावा एक फेनक और स्कर्ट भी महिलाओं की पोशाक में शामिल है। मणिपुर का पहनावा पारंपरिक होता है। वहीं नागालैंड की महिलाएँ धारियों और असीमित चौड़ाई वाली पोशाक पहनती है। एक शॉल जिसे स्कर्ट की तरह पहना जाता है, वहीं टॉप भी स्कर्ट से मैचिंग का रहता है।

# मणिपुर व नागालैंड की पारंपरिक वेशभूषा में छाई रहीं छात्राएं

## होमसाइंस कॉलेज के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत का आयोजन

जबलपुर (नईदुनिया रिपोर्टर)। होमसाइंस कॉलेज के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा के पहनने की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था स्टूडेंट्स को मणिपुर व नागालैंड की वेशभूषा व संस्कृति से परिचित किया जा सके। इस अवसर पर एमएससी की वस्त्र एवं तंतु विज्ञान की छात्राओं ने मणिपुर की वेशभूषा को धारण किया और स्नातक की छात्राओं ने नागालैंड की वेशभूषा को धारण किया। इन वस्त्रों के प्रकार व शैलियों को समझाने के लिए एमएससी फाइनल की छात्रा अनुष्का [illegible] ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। वेशभूषा धारण करने वाली छात्राओं में अवंतिका पटेल, अमिता सोनी, रोशनी कुशवाहा, मधु गुप्ता, चंदा कोरी, मनीषा कुशवाहा, प्रांशु दुबे, सोनाली लोधी रहीं।



शासकीय होमसाइंस कॉलेज की छात्राओं ने पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति को फैशन शो के जरिए प्रस्तुत किया। ● नईदुनिया